भोले तुम्हें पर्वत का राजा किसने बनाया है

भोले तुम्हें पर्वत का राजा किसने बनाया है....-3

माथे पर चंदा है जटाओं में गंगा है,
गंगा का राजा भोले, तुम्हें किसने बनाया है,
भोले तुम्हें पर्वत का राजा किसने बनाया है॥

कानों में कुंडल है गले सर्प माला है,
नागों का राजा भोले, तुम्हें किसने बनाया है,
भोले तुम्हें पर्वत का राजा किसने बनाया है॥

हाथ में डमरू है तन बाघमबर है,
डमरु का राजा भोले, तुम्हें किसने बनाया है,
भोले तुम्हें पर्वत का राजा किसने बनाया है॥

संग में गौरा है गोदी में गणपत है,
गणपत का पापा भोले, तुम्हें किसने बनाया है,
भोले तुम्हें पर्वत का राजा किसने बनाया है॥

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/24634/title/bhole-tumhe-parvat-ka-raja-kisne-banaya-hai

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |